# UNIVERSITY NEWS 06 JANUARY 2026

## AMAR UJALA

### लविवि में आज से शुरू होगी पढ़ाई

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं। अब मंगलवार से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय में 22 दिसंबर से पांच जनवरी तक अवकाश की घोषणा हुई थी। इस दौरान स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही थीं। अवकाश के बीच जिनकी परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं उनकी पढ़ाई छह जनवरी से शुरू हो जाएगी। प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक चौथे, छठे सेमेस्टर और परास्नातक चौथे सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। बाकी अन्य सेमेस्टर परीक्षाएं अभी चल रही हैं जो जल्द ही समाप्त होंगी। सोमवार को प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों की निगरानी के निर्देश गेट कर्मचारियों को दिए हैं। हर विद्यार्थी को आईडी कार्ड साथ लेकर जाना होगा। निर्देश हैं कि बाहरी विद्यार्थी बिना किसी काम के प्रवेश न कर सकें। जानकीपुरम न्यू कैंपस में भी कर्मचारियों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। (संवाद)

### राज्यपाल से मिले लविवि के कुलपति

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के नव नियुक्त कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सोमवार को लखनऊ पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। प्रो. सैनी ने बताया कि ये उनकी औपचारिक मुलाकात है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण करने की बात से भी इनकार किया है। कुछ औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जल्द ही वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस मुलाकात के बाद उम्मीद जा रही है कि मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का कार्यभार उनके पास अभी बना रहेगा। (संवाद)

## VOICE OF LUCKNOW

### कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स और प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों के बीच हुए एमओयू

- राजभवन में लविवि, एकेटीयू एवं भाषा विश्वविद्यालय तथा कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स के मध्य एमओयू
- छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज, ज्वाइंट रिसर्च कोलैबोरेशन, कोर्स एक्सचेंज सहित उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर बनी सहमति

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में सोमवार को राजभवन में कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा उत्तर प्रदेश के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) एवं ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के मध्य विविध विषयों पर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का हस्तांतरण सम्पन्न हुआ। समझौता ज्ञापनों के अंतर्गत छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध (ज्वाइंट रिसर्च कोलैबोरेशन), पाठ्यक्रम विनिमय (कोर्स एक्सचेंज) सहित उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उपस्थित प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिले हैं और अब इन्हें उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने गुजरात के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब सकारात्मक सोच के साथ योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाता है, तो उसके परिणाम भी सकारात्मक रूप में सामने आते हैं।

उन्होंने प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि नए-नए सिलेबस, पाठ्यक्रमों तथा नैक और एनआईआरएफ की उत्कृष्ट रैंकिंग मानकों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों से गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी और प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। अपने हालिया गुजरात दौरे का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने बताया कि वहां स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी तथा इसरो का स्पेस एप्लीकेशन सेंटर राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।



उन्होंने इसरो द्वारा हाल ही में अमेरिका के ब्लू बर्ड के प्रक्षेपण को गर्व का विषय बताया। साथ ही साइबर क्राइम एवं पुलिस प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को समयबद्ध ढंग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि भारत को अपनी नवीन और श्रेष्ठ उपलब्धियां विश्व को देनी चाहिए और विश्व की अच्छी बातों को भारत को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने भारत को वसुधैव कुटुम्बकम एवं भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को मानने वाला देश बताते हुए कहा कि ऐसे ही संस्कार हमारी आने वाली पीढ़ियों में भी विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश आगमन के उद्देश्यों की सफलता की भी कामना की।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स से आये 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्यपाल के नेतृत्व में पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता के नए आयाम स्थापित किए हैं। वर्तमान में प्रदेश के 10 राज्य विश्वविद्यालयों को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस रैंकिंग प्राप्त है। अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों के माध्यम से भी प्रदेश के विश्वविद्यालय निरंतर उत्कृष्ट गुणवत्ता स्तर की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स के ट्रस्टी, नरेश कुमार चावड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय भाषाओं की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मांग है और भारतीय भाषाओं के अध्ययन हेतु कनाडा से छात्र भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि एमओयू के अंतर्गत कार्यों की गति भले ही क्रमिक होगी, लेकिन सभी निर्धारित कदम निश्चित रूप से पूर्ण किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने समझौता ज्ञापनों को सुखद अनुभव बताते हुए एमओयू के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई, लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति समेत कैनेडियन हिन्दू चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## I NEXT

### कई कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

एलयू ने कई कोर्सों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है. एमए पब्लिक पालिसी एंड गर्वनेंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 23 जनवरी तक होंगी. एमएससी बाटनी, एमएससी एनवारमेंटल साइंस और माइक्रोबायोलाजी प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट) की परीक्षाएं 13 से 21 जनवरी, एमएससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 जनवरी, एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी, एमए वेस्टर्न हिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 13 से 23 जनवरी तक संचालित की जाएंगी. वहीं, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 10 से 21 जनवरी तक निर्धारित की गई हैं.

## AMRIT VICHAR

### लविवि में चयन ट्रायल होगा कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला बैडमिंटन टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ी सत्र 2025-26 में होने वाली नॉर्थ जोन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल का आयोजन पारांजपे पैवेलियन ग्राउंड, लखनऊ विश्वविद्यालय में किया जाएगा। जिसके लिए छात्र-छात्राओं को आज शाम तक आवेदन करना होगा।

### लविवि में प्राणि विज्ञान की कक्षाएं प्रारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए स्नातक चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की कक्षाएं आज से आरंभ कर दी गई है। इसके साथ ही परास्नातक (पीजी) चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाएं भी 6 जनवरी से नियमित रूप से शुरू की जाएंगी। विभाग की ओर से संबंधित महाविद्यालयों और शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने स्तर से विद्यार्थियों को समय पर इस जानकारी से अवगत कराएं, ताकि कक्षाओं का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके।

## NBT

### कैनेडियन छात्रों को भारतीय भाषा सिखाएंगे विवि

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** शहर के विश्वविद्यालयों में अब भारतीय भाषाएं सीखने के लिए कैनेडियन छात्र आएंगे। साथ ही विश्वविद्यालयों में हो रहे प्रयोग तकनीकी पाठ्यक्रमों का भी यह छात्र हिस्सा बनेंगे। इसके लिए कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शहर के तीन विश्वविद्यालयों के साथ एक साथ एमओयू किया गया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय शामिल है। राजभवन में आयोजित एक समारोह में तीनों विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए। इसी एमओयू के तहत अब कैनेडियन छात्र इन विश्वविद्यालयों में आएंगे।



राजभवन में एलयू, एकेटीयू व भाषा विश्वविद्यालय के साथ कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स का MoU हुआ।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे नवाचार सराहनीय है। नए-नए सिलेबस, पाठ्यक्रमों तथा नैक एनआईआरएफ रैंकिंग इसका प्रमाण है। लेकिन अभी और प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसमें यह एमओयू सहायक साबित होंगे। कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स के ट्रस्टी नरेश कुमार चावड़ा ने बताया कि भारतीय भाषाओं की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग दिन पर दिन बढ़ रही है। भारतीय भाषाओं के अध्ययन हेतु कनाडा से छात्र भारत आएंगे। एमओयू के अंतर्गत कार्यों की गति भले ही क्रमिक होगी, लेकिन सभी निर्धारित कदम निश्चित रूप से पूर्ण किए जाएंगे। इसमें फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध (जॉइंट रिसर्च कोलैबोरेशन), कोर्स एक्सचेंज समेत अन्य बिंदु शामिल हैं।

## DAINIK JAGRAN

### विद्यार्थियों को कनाडा में मिलेगा पढ़ाई और शोध का अवसर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** प्रदेश के छात्रों को कनाडा में पढ़ाई, शोध और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। वहीं कनाडा के छात्र उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए आएंगे। इस उद्देश्य से सोमवार को राजभवन में कैनेडियन हिंदू चैंबर आफ कामर्स और प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों- लखनऊ विश्वविद्यालय, डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) और ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों के तहत छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध, कोर्स एक्सचेंज और वैश्विक स्तर की अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जनवरी के अंतिम सप्ताह में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और चैंबर के प्रतिनिधियों की आनलाइन बैठक होगी, जिसमें आगे का रोडमैप तैयार किया जाएगा।

कैनेडियन हिंदू चैंबर आफ कामर्स कनाडा में हिंदू वाणिज्यिक समुदाय की प्रतिनिधि संस्था है। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश में उच्च शिक्षा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब इन्हें उत्कृष्टता के उच्च स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### विधान सभा अध्यक्ष से मिले कैनेडियन हिंदू चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधि

उप्र विधान सभा की कार्यप्रणाली, तकनीकी व्यवस्था और पारदर्शी संचालन ने कनाडा से आए प्रतिनिधिमंडल को खासा प्रभावित किया है। कैनेडियन हिंदू चैंबर आफ कामर्स (सीएचसीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने यूपी विधानसभा की कार्य संस्कृति को कनाडा की कई विधायी संस्थाओं से भी अधिक प्रभावशाली और अनुकरणीय बताया। प्रतिनिधिमंडल ने को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की।

पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

## HINDUSTAN

### विश्वविद्यालय नवाचार के साथ मौके दिलाएं: राज्यपाल



राजभवन में राज्यपाल की मौजूदगी में यूपी के तीन विश्वविद्यालयों ने कनाड़ा के कैनेडियन हिन्दू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के साथ सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

**एमओयू**

- राजभवन में एमओयू और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम
- भारतीय भाषा का ज्ञान लेने कनाडा से छात्र आएंगे

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** यूपी के तीन विश्वविद्यालयों ने कनाड़ा के कैनेडियन हिन्दू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के साथ सोमवार को एमओयू किया। राजभवन में स्टूडेंट एक्सचेंज, साझा रिसर्च के साथ-साथ कोर्स एक्सचेंज प्रोग्राम चलाया जाएगा।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में लखनऊ विश्वविद्यालय, एकेटीयू व ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने कैनेडियन हिन्दू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के साथ एमओयू किया। विश्वविद्यालयों को उन्होंने उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए नवाचार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अवसर दिलाने को कहा। जिससे उन्हें शोध व नवाचार के लिए बेहतर मंच मिल सके।

कार्यक्रम में एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने एमओयू से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी और चुनौतियां बताईं।

एलयू की कार्यवाहक कुलपति प्रो. मनुका खन्ना भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। कैनेडियन हिन्दू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के ट्रस्टी नरेश कुमार चावड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय भाषाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे में कनाडा से छात्र भारत में भारतीय भाषाओं का ज्ञान लेने आएंगे।